**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**PT III 2024-25**

| GRADE: IV | SUBJECT: HINDI REVISION WORKSHEET | DATE: | TIME: 2HRS | MARKS: 50 |
|---|---|---|---|---|

## खंड अ

प्रश्न१.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

आज रानी पिकनिक पर जा रही है। वह चिड़ियाघर घूमने जा रही है। वह सभी जानवरों को देखने के लिए उत्साहित है। रानी का पसंदीदा जानवर जिराफ़ है। वह उसकी लंबी गर्दन और धब्बों से प्यार करती है। रानी को उम्मीद है कि वह आज जिराफ़ों को खाना खिला पाएगी । वह तस्वीरें लेने के लिए अपना कैमरा साथ लेकर जा रही है ।

१. रानी कहाँ जा रही है?

क)बाहर ख)घूमने ग)पिकनिक घ)खेलने

२. रानी का पसंदीदा जानवर कौन सा है?

क)हाथी ख)जिराफ़ ग)गाय घ)बाघ

३. रानी को जिराफ़ के बारे में क्या पसंद है?

क)लंबी गर्दन और धब्बे ख)कान ग)हाथ घ)लंबे पैर

४. रानी चिड़ियाघर में तस्वीरें लेने के लिए क्या ले कर जा रही है ?

क)कमरा ख)कैमरा ग)तस्वीर घ)फोटो

५. रानी को क्या उम्मीद है ?

क)जिराफ़ों को खाना खिला पाएगी ख)फल देगी

ग)जिराफों को पानी पिलाएगी घ)खेल पायेगी

प्रश्न२.नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

१. संज्ञा की जगह पर प्रयोग होने वाले शब्द___________कहलाते हैं।

क)विशेषण ख)सर्वनाम ग)संज्ञा घ)शब्द

२. बगीचे में कुछ फूल है। सर्वनाम का भेद पहचानो।

क)अनिश्चयवाचक ख)प्रश्नवाचक ग)संबंधवाचक घ)पुरुषवाचक

३. प्रश्नवाचक सर्वनाम के उदहारण _______है।

क)जो, वो ख) कुछ,कोई ग)कहाँ, कब घ) मैं,हम

प्रश्न३.नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

१. विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, वे__________कहलाते हैं।

क)सर्वनाम ख)विशेष्य ग)विशेषण घ)संज्ञा

२. राधा के पास तीन किलो चावल है। (विशेषण का भेद पहचानो।)

क)सार्वनामिक ख)संख्यावाचक ग)परिमाणवाचक घ)गुणवाचक

३. परिमाणवाचक विशेषण_____________है।

क)तीन लीटर दूध ख)बड़ा वृक्ष ग)चार किताबें घ)ऐसी पाठशाला

प्रश्न४.नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

१. क्रिया के सकर्मक और_________यह दो भेद होते है।

क) सकर्मक ख) अकर्मक ग) दोनों घ) क्रिया

२. अकर्मक क्रिया का अर्थ है बिना ________की क्रिया

क) कर्म ख)क्रिया ग)सर्वनाम घ) संज्ञा

३. माँ खाना बना रही है। (क्रिया का भेद पहचानो।)

क)सकर्मक ख)अकर्मक ग)दोनों घ)इनमें से कोई नहीं

४. सकर्मक क्रिया ______है।

क)सोहम ने खाया ख)बालक हँसा

ग)शाम हिंदी की किताब पढ़ रहा है। घ) नेहा आ गई

## खंड ब

प्रश्न५.निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

तुम इतिहास किताबों में ही पढ़ सकती हो। लेकिन पुराने जमाने में जब आदमी पैदा ही न हुआ था, किताबें कौन लिखता ? तब हमें उस जमाने की बातें कैसे मालूम हो?... उस पुराने जमाने की लिखी हुई किताबें न होने पर भी कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनसे हमें उतनी ही बातें मालूम होती हैं, जितनी किसी किताब से होतीं। ये पहाड़, समुद्र, सितारे, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ और इसी तरह की और भी कितनी ही चीजें हैं, जिनसे हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है। मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक को पढ़ें। मुझे आशा है कि पत्थरों और पहाड़ों को पढ़कर तुम थोड़े ही दिनों में उसका हाल जानना सीख जाओगी।

१. तुम इतिहास कहा से पढ़ सकते हो?

क)किताबोंसे　　　ख)कहानी से　　　ग) कवितासे　　　घ) पढाईसे

२. हमें क्या पढ़ना चाहिए ऐसे नेहरु जी ने कहा है ?

क)आँगन में　　　ख)पत्ते　　　ग)संसार-रूपी पुस्तक　　　घ)पहाड़ो पर लिखा हुआ

३. दुनिया का पुराना हल किन-किन चीजोंसे जाना जा सकता है ?

क)पहाड़,समुद्र, सितारे　　　ख)नदियाँ,जंगल　　　ग)जानवरोंकी पुरानी हड्डियाँ　　　घ)सभी

४. तब हमें उस____________की बातें कैसे मालूम हो?

क)इतिहास　　　ख)किताब　　　ग)जमाने　　　घ)पत्थरों

५. 'पुराना' शब्द के लिए विलोम शब्द लिखिए।

क)असली　　　ख)पुरातन　　　ग)प्राचीन　　　घ)नया

प्रश्न६.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

हम सब सुमन एक उपवन के।
काँटों में खिलकर हम सबने
हँस-हँसकरहै जीना सीखा
एक सूत्र में बंधकर हमने
हार गले का बनना सीखा
सबके लिए सुगंध हमारी
हम श्रृंगार धनी-निर्धन के
हम सब सुमन एक उपवन के

१. एक सूत्र में बँधने का क्या अभिप्राय है ?

क)मोतियों की माला　　　ख)एकता का बंधन

ग)धागे से मनुष्यों को बाँध देना　　　घ)जंजीर से जकड़ देना

२. हम_________धनी-निर्धन के

क)सुंदर　　　ख)श्रृंगार　　　ग)सब　　　घ)सुगंध

३. काँटों में खिलकर कवीने कैसे जीना सीखा?

क)हँस-हँसकर　　　ख)रो-रो कर　　　ग)खुशी से　　　घ)धूम धाम से

४. कवी ने एक सूत्र में बंधकर क्या सीखा है ?

क)गले का हार बनना　　　ख)हँसना　　　ग)रोना　　　घ)जिंदगी जीना

५. निर्धन शब्द का अर्थ क्या है ?

क)धनी　　　ख)गरीब　　　ग)अमीर　　　घ)धनवान

प्रश्न७.नीचे दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।

१. चारों बहनों में किस बात के लिए लड़ाई हो रही थी?
२. उपवन के फूलों में क्या क्या समानता है? लिखिए।
३. लेखक ने प्रकृति के अक्षर किन्हें कहा है?
४. लड़ाई होते देख राजा ने क्या निर्णय लिया?

प्रश्न८.नीचे दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियोंमे में लिखिए।

१. अंत में राजा का निर्णय क्या रहा और क्यों?
२. उपवन के फूलों में क्या-क्या समानता है? लिखिए।
३. 'शायद संसार की पुस्तक का छोटा-सा पृष्ठ हो' यह बात लेखक ने किस वस्तु के विषय में कही है? वे क्या कहना चाहते है?
४. 'संसार पुस्तक है' पत्रमें पंडित जवाहरलाल नेहरू ने क्या इरादा किया है?

## खंड क

प्रश्न९.नीचे दिए गए किसी एक विषय पर अनुच्छेद लेखन कीजिये।

i. मेरा देश
ii. मेरी पाठशाला

प्रश्न१०.निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए।

जंगल में एक शेर और उसका परिवार - शेर आलसी - शिकार के लिए शेरनी ही जाती - एक दिन शेरनी बीमार, बच्चे भूखे - शेर को समझाकर शिकार पर भेजना - एक बैल का शिकार - शेर की गुफा के पास एक सियार परिवार का निवास - सियार भी आलसी एक दिन सियारिन बीमार, बच्चे भूखे - सियार को फटकार शिकार पर जाना बैल से भिड़ना घायल होकर लौटना - सीख ।

*******************************************************************************************